दिन—गुरूवार दिनांक— 05 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कहा —विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर टिका हुआ है।

02. जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने जातीय गणना के आंकड़ों को खारिज किया। कहा— रिपोर्ट में तेली और साहू जाति की जनसंख्या कम कर दिखाई गयी।

03. प्रदेश में पिछले पांच दिनों से बारिश का सिलसिला जारी। भागलपुर के सोनहौला में सबसे अधिक एक सौ छियानवे मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

04 और, एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी। इक्कीस स्वर्ण, बत्तीस रजत और तैंतीस कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर।

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कहा है कि विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर टिका हुआ है। श्री नड्डा आज पटना में कैलाशपति मिश्र की जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां परिवारवाद की पोषक हैं।

———बाईट———

श्री नड्डा ने कहा कि सामाजिक न्याय की बात करने वाले लोगों ने ओबीसी समुदाय की हमेशा से उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया।

———बाईट———

श्री नड्डा ने कहा कि बिहार सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है और सिर्फ तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स का निर्माण कार्य राज्य सरकार की लापरवाही के कारण अटका हुआ है।

———बाईट———

इससे पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और अश्विनी कुमार चौबे, पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा, हरी

साहनी, रविशंकर प्रसाद और सुशील कुमार मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। जयंती शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने के बाद श्री नड्डा पार्टी की राज्य कोर समिति और भाजपा विधायकों की बैठक में शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————————

सीतामढ़ी से जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने जातीय गणना के आंकड़ों को खारिज किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जारी रिपोर्ट में तेली–साहू समाज की जनसंख्या दो दशमलव आठ एक प्रतिशत दिखाई गयी है, जो कहीं से भी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी खबरें मिल रही हैं कि गणना के समय कई टोलों और मुहल्लों में कर्मी नहीं गये।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता आर.सी.पी. सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जातीय गणना के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने कहा कि जातीय गणना के आंकड़ों में भी अनियमितता है। एक सौ नब्बे जाति की आबादी एक फीसदी है जबकि छब्बीस विभिन्न जातियों की आबादी एक हजार से कम है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में पिछले पांच दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में भागलपुर, बांका, पूर्णियां, किशनगंज और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। सबसे अधिक भागलपुर के सोनहौला में एक सौ छियानवे मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि लगातार बारिश के कारण भागलपुर शहर के कई हिस्सों में जलजमाव हो गया है।

———बाईट———

भागलपुर के खलिफाबाग, सूतापट्टी, कलाली गली, लोहापट्टी, हड़ियापट्टी, और वारसलीगंज समेत कई इलाकों में भीषण जल जमाव के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गयी है। शहर के वार्ड नम्बर– उनचास, पचास और इक्यावन में भीषण जल जमाव है। वहीं, टीएनबी कॉलेज छात्रावास में पानी घुस जाने से छात्रों की परेशानियां बढ़ गयी है। नगर निगम द्वारा जल निकासी की व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक राकेश कुमार ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा, पुनपुन और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। कैमूर में दुर्गावती जलाशय परियोजना का पानी खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

लगातार हो रही बारिश के कारण दुर्गावती जलाशय परियोजना में जल स्तर में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि पानी के दबाव से बायां तथा दायां कैनाल कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर, दुर्गावती तथा सुरवरा नदी का पानी भगवानपुर, रामपुर, चैनपुर, कुदरा और मोहनिया प्रखंड में फैल गया है। कई सरकारी कार्यालय, अस्पताल, स्कूल और थाना परिसर जलमग्न हो चुके हैं। दुर्गावती नदी का पानी मोहनिया विद्युत पावर स्टेशन में घुसने के कारण पूरे क्षेत्र में बारह घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप है। इधर, जिले में 24 घंटे के अंदर बाढ़ के पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। आकाशवाणी समाचार के लिए भभुआ से श्रीकांत पांडेय।

इधर, अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पुनपुन नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से कई गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वहीं, जहानाबाद में लगातार हो रही बारिश के चलते वर्षों से सूखी जमुना नदी लबालब भर गयी है।

———————————————————————————————————

चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत इक्कीस स्वर्ण, बत्तीस रजत और तैंतीस कांस्य पदक सहित कुल छियासी पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

एशियाई खेलों के 12वें दिन भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। तीरंदाजी में कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक मिला है। फाइनल में ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की टीम ने दक्षिण कोरिया को 230 के मुकाबले 235 अंक से हराया है। भारत का आज यह तीसरा स्वर्ण पदक था। वहीं, महिला कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा, परनीत और अदिति की तिकड़ी ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

स्क्वॉश मिक्स्ड डबल्स फाइनल में दीपिका पल्लीकल और हरिन्दर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने मलेशिया की आइफा आजमान और मोहम्मद की जोडी को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुरूष सिंगल्स में भारत के सौरव घोषाल को रजत पदक मिला है। फाइनल में सौरव को मलेशिया के ईन यॉव एनजी से 1–3 से हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती में अंतिम पंघाल ने कांस्य पदक जीत लिया है।

बैंडमिंटन में एच एस प्रणॉय ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। प्रणॉय ने यह मैच 21–16, 21–23, 22–20 से जीता।

हॉकी में भारतीय महिला टीम को चीन से हार का सामना करना पड़ा। भारत अब कांस्य पदक का मुकाबला खेलेगा। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————————————————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब तक आठ हजार से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ छियालीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर ए. के. वार्ष्णेय ने बताया कि डेंगू मच्छर से बचाव की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। उन्होंने डेंगू के लक्षण की पहचान कर सावधानी बरतने की सलाह दी।

---बाईट---

---

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी का पहला दीक्षांत समारोह बीस अक्टूबर को होगा। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि समारोह का आयोजन मोतिहारी ऑडिटोरियम में किया जायेगा।

---

सीबीआई ने गोपालगंज जिले के कटैया थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष सुमन मिश्रा और एएसआई प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के गरहां थाना पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किये जाने के मामले में पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

---

नालंदा जिले की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म दोषी बिट्टू कुमार बेन को बीस वर्ष कारावास और बीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

बेतिया नगर थाना क्षेत्र के पावर हाउस के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति से एक लाख पैंतालीस हजार रूपये लूट लिये।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कहा –विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आधार पर टिका हुआ है।

02. जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने जातीय गणना के आंकड़ों को खारिज किया। कहा– रिपोर्ट में तेली और साहू जाति की जनसंख्या कम कर दिखाई गयी।

03. प्रदेश में पिछले पांच दिनों से बारिश का सिलसिला जारी। भागलपुर के सोनहौला में सबसे अधिक एक सौ छियानवे मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

04 और, एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी। इक्कीस स्वर्ण, बत्तीस रजत और तैंतीस कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।